एक नजर

ऊमर वाले दादा शिव मंदिर में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

पिपरिया ऊमरवाले दादा शिवमंदिर में 18 वां निःशुल्क कन्या विवाह के अवसर पर मंगलवारा धर्मशाला सीमेंट रोड से 51वर बग्गी पर सवार होकर बारातियों के साथ नाचते गाते ऊमरवाले दादा शिव मंदिर जीन परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। ऊमरवाले दादा शिवमंदिर समिति द्वारा निःशुल्क कन्या विवाह का आयोजन किया जाता है जिसमें बारात निकाली गई।बैंड बाजो की धुन के साथ 51 वर अलग अलग बग्गियों पर सवार होकर चल रहे थे जिसमें परिजन व रिश्तेदारो के साथ,समिति के पदाधिकारी सदस्य,शहर के समाजसेवी,सेवाभावी संगठनो के सदस्य नाचते गाते बारात में शामिल हुए। मंगलवारा धर्मशाला सीमेंट रोड से शुरू हुई बारात पुराना गल्ला बाजार, स्टेशन रोड,किराना बाजार,मंगलवारा सुभाष चौक,शोभापुर रोड होते हुए ऊमर वाले दादाशिव मंदिर जीन परिसर में कार्यक्रम स्थल तक पहुची। इस अवसर पर जगह जगह पुष्प वर्षा कर पेयपद्धार्थ से स्वागत किया गया। बारात व कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम देखने भारी तादाद में मुस्लिमजन भी शामिल हुए। बारात के पहुंचने के पश्चात वरमाला कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें वर वधु द्वारा एक दूसरे को माला पहनाई गई।उक्त कन्याओं को समाजसेवियों,सेवाभावी सदस्यों द्वारा गृहस्थी की लगभग 70 सामग्रियां निःशुल्क भेंट की गई ज्ञात हो कि इस आयोजन को लेकर समिति के पदाधिकारी सदस्य लगभग तीन माह से दिनरात मेहनत कर तैयारियों में लगे रहते है।हजारो की तादाद में आये वर व वधु पक्ष के परिजनो का समिति के पदाधिकारी सदस्यों ने रूकने के स्थान मंगलवारा धर्मशाला व भोजन व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं में अपना भरपूर समय दिया। दुल्हन का श्रृंगार करती है ब्यूटी पार्लर व समाज सेवी महिलाये.

नौ वाहन रेत का ओवरलोड करते पकड़ाए

शहर के ग्रीन पार्क ढाबा, नर्मदापुरम के पास खनिज, राजस्व एवं पुलिस ने की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम/13,फरवरी,2026/ जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्रीन पार्क ढाबा नर्मदापुरम के पास से 9 डम्परों को रेत खनिज का ओवरलोड परिवहन करते हुए जब्त किया गया। जप्त किए गए डम्परों के क्रमांक RJ17GB3374, MP04YU5499, MP04ZJ5639, डम्पर क्रं MP40ZF7939, MP04HE5739,डम्पर क्रं MP04YT5410, MP04ZS5439, RJ17GC9311 एवं MP04HE5808 हैं। सभी वाहनों को सुरक्षार्थ क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्रवाई के दौरान श्री जय सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम, श्री दिवेश मरकाम, जिला खनिज अधिकारी, पिंकी चौहान, खनि निरीक्षक, श्री सौरभ पाण्डे, थाना प्रभारी देहात, श्री कृष्णकांत सिंह परस्ते, प्रभार खनि निरीक्षक, हेमंत राज, सिपाही एवं होमगार्ड बल मौजूद रहा। जब्त वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

ईमानदारी करो पर काम भी करो –पं.भवानीशंकर शर्मा

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 13 फरवरी, नर्मदापुरम में नगरपालिका परिषद की कार्यप्रणाली इतनी लचर हो गईहै कि काम तो होता नहीं है और ईमानदारी से भ्रष्टाचार किया जा रहा है. जनता जो टैक्स देती है उसके बदले में उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रहीं हैं. आज एक बार नर्मदापुरम क्षेत्र में अपनी बेबाक भाषा शैली से प्रशासनिक तंत्र और नगर पालिका को आईना दिखाते हुए क्षेत्र में चाणक्य के नाम से पहचान रखने वाले पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं समाजसेवी भवानी शंकर शर्मा ने विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम महेंद्र यादव को पत्र लिख शहर में फिर एक बार राजनीति में हलचल बढा दी है. श्री शर्मा ने नगर पालिका पर बेहद तीखे वार करते हुए नगर पालिका में चल रहे ईमानदारी से भ्रष्टाचार और लापरवाही को जनता के सामने बेनकाब कर दिया,श्री शर्मा ने कहा कि पूरे शहर में आव्यवस्था फैली हुई है, शहर में अतिक्रमण, बीच सड़क पर वाहन, ठेले वाले, सब्जी की दुकान वाले,बाजार में दुकानों का सामान सड़क पर रखकर पूरे यातायात को अवरुद्ध किए हुए हैं ,इस कारण प्रतिदिन जाम लगता है।

नगर पालिका नर्मदापुरम नागरिकों से लाखों रुपए टैक्स लेने के बाद भी आज तक कोई सुविधा नहीं दे पाई है। श्री शर्मा ने इससे आगे बढ़कर पूर्व नगर पालिका अध्यक्षों के ईमानदारी से भ्रष्टाचार पर बात करते हुए कहा कि पूर्व अध्यक्ष तो भ्रष्टाचार के साथ-साथ नागरिकों को थोड़ी बहुत सुविधा दे देते थे,लेकिन आपके कार्यकाल में तो सिर्फ ईमानदारी से भ्रष्टाचार ही हो रहा है, सुविधाएं तो कुछ नहीं मिल रही हैं। उन्होंने मीनाक्षी चौक पर किए हुए चौड़ीकरण पर बात करते हुए कहा कि अब वहां चाहतों के टॉप भी रखवाए जा रहे हैं,अगर आपको नागरिकों की सुविधाओं और उनके प्रति कर्तव्यों के पालन की मंशा हो तो दृढ़ संकल्प शक्ति से कार्य किया जा सकते हैं,जो कहीं भी नजर नहीं आते हैं। वहीं श्री शर्मा ने नर्मदापुरम जिले की पिपरिया नगरपालिका के बारे में बताया कि अगर कार्य करने की इच्छा हो तो एक बार पिपरिया नगर पालिका के द्वारा किए हुए कार्यों को देखकर आएं वहां चौड़ी और साफ सुथरी सड़के हैं,जो वहां के अध्यक्ष का यश गान कर रही हैं।

आप अपने चाहते पार्षदों के साथ पिपरिया का दौरा कर आएं वहीं श्री शर्मा ने भ्रष्टाचार की परत खोलते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में भी ईमानदारी से भ्रष्टाचार होता है फर्क सिर्फ कम या ज्यादा का है।उन्होंने विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव को आड़े हाथ लेते हुए अनुरोध कर डाला कि आपके कार्यकाल को इतिहास का सबसे खराब कार्यकाल के रूप में याद नहीं किया जाए,इसलिए आपके पास जितना भी समय बचा है,उसमें थोड़ा जनहित के कार्य भी कर लें, ताकि आपका कार्यकाल इतिहास के सबसे खराब कार्यकाल के तौर पर ना देखा जाए।

राजेश शर्मा पुरस्कार से सम्मानित

इटारसी। मध्यप्रदेश डाक परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर ने नर्मदापुरम डाक संभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों और कार्यालयों को सम्मानित किया। इस समारोह में इटारसी मुख्य डाकघर को संभाग में सर्वाधिक डाकघर बचत बैंक खाते खोलने के लिए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। मुख्य डाकघर इटारसी के उपडाकपाल राजेश शर्मा को विशेष रूप से डाक जीवन बीमा महालॉगिन डे पर एक लाख रुपये से अधिक का प्रीमियम अर्जित करने पर सम्मानित किया गया। राजेश शर्मा ने कहा कि यह सम्मान समस्त कर्मवीर योद्धा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत है.

श्री शिव महापुराण में राहु के सिर और मुण्डमाला की कथा सुनाई

नवभारत न्यूज

इटारसी, 13 फरवरी तीन बंगला स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के छठवें दिन सुप्रसिद्ध कथावाचक देवी रत्नमणि द्विवेदी ने भगवान शिव के स्वरूप और उनके आभूषणों के गूढ़ रहस्यों का वर्णन किया।

राहु के सिर और मुण्डमाला की कथा – कथा के दौरान देवी जी ने बताया कि जब भगवान ने राहु के शरीर को दो भागों में बांटा, तब राहु शिव जी के मस्तक पर चंद्रमा के समीप स्थित हो गया। राहु के भय से चंद्रमा से जो अमृत कण निकले, उनके स्पर्श से राहु के अनेक सिर हो गए। भगवान शिव ने उन्हीं सिरों को लेकर मुण्डमाला बना ली, जो उनके कंठ का आभूषण बनी। चंद्रकला और गंगा भगवान के तीसरे नेत्र की ऊष्मा त्रिलोकी को भस्म करने में सक्षम है। उस ताप को नियंत्रित करने के लिए शिव जी ने मस्तक पर शीतल चंद्रमा और गंगा को धारण किया है। शिव की मुण्डमाला मनुष्य को सदैव मृत्यु का स्मरण कराती है, ताकि वह संसार में दुष्कर्मों से दूर रहे। देवी जी ने कहा कि यह आश्चर्य है कि विष पान कर शिव अविनाशी हो गए, जबकि अमृत पीकर भी देवता पूर्णतः अजर-अमर नहीं हुए। संयोजक मेहरबान सिंह चौहान ने बताया कि कल कथा का विश्राम होगा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर में भगवान पशुपतिनाथ का भव्य रुद्राभिषेक और फलाहारी प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है।

शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू

पिपरिया, गांधीवार्ड पाली रोड स्थित अर्द्धनारीश्वर महादेव मंदिर में संगीतमय शिवमहापुराण कथा एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन नायक परिवार के द्वारा कथावाचन पं.गोपाल कृष्ण शास्त्री व्यासपीठ से शिवपुराण कथा ज्ञान यज्ञ में कथा का रसपान करा रहे है। प्रथम दिवस पं.तिवारी ने सब देवो मे प्रथम पूजन गणेश जी के वृतांत से कथा का श्रवण कराया। इस दौरान भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की गणेश जी ने परिक्रमा कर प्रथम पूजा का अधिकर प्राप्त कर लिया।बताते हुए शिवपुराण में 24 हजार श्लोक है जो 7 संहिताओं में समाहित है। सोनक जी महाराज ने सूत जी महाराज से पूछा शिव कौन है.इस विषय पर उन्होंने बताया.

युवक-युवतियों के लिए 17 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

नवभारत न्यूज

इटारसी, 13 फरवरी नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत नगर पालिका परिषद इटारसी एवं वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला 17 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक, गांधी मैदान के सामने स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। मेले में 5वीं से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण युवक-युवतियाँ भाग ले सकेंगे। यह अवसर विशेष रूप से 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए है। अधिक शैक्षणिक योग्यता के युवा भी शामिल हो सकते हैं। रोजगार मेले के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को 3 माह की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी, जिसके उपरांत स्थायी नियुक्ति दी जाएगी।

चयनित युवाओं को प्रारंभिक रूप से 12,150 प्रतिमाह वेतन के साथ हॉस्टल सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि यह पहल इटारसी के बेटा-बेटियों को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा और सराहनीय कदम है। युवा वर्ग को इसका अधिकतम लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार भगवान शिव तप, धैर्य और कर्म के प्रतीक हैं,

उसी प्रकार आज के युवा भी परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर अपना उज्ज्वल भविष्य गढ़ सकते हैं। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का यह संकल्प युवाओं के जीवन में नई दिशा देगा।

नगर के युवाओं में इस रोजगार मेले को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक युवक-युवतियों से समय पर पहुंचकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

शांति समिति की बैठक आयोजित

सिवनी मालवा सिवनी मालवा थाना परिसर में आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी, तहसीलदार, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने कहा कि सभी नागरिक त्यौहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्यौहारों के दौरान डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा निर्धारित समय सीमा का पालन अनिवार्य होगा।

कृषि आदान विक्रेताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

नवभारत न्यूज

बनखेडी। गोविंदनगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर में कृषि आदान विक्रेताओं के लिए आयोजित छठवें एक वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कृषि विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में न्यास के प्रबंधक धर्मेन्द्र गुर्जर ने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि आदान विक्रेताओं की भूमिका किसानों के जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि किसान उन पर विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी किसान हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। इसे एक बार पुनः छात्र जीवन जीने का अवसर बताते हुए उन्होंने पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लेने की प्रेरणा दी। उपसंचालक कृषि नर्मदापुरम रविकांत ने कहा कि यह प्रशिक्षण किसानों की सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया गया है, इसलिए इसे गंभीरता से सीखना और व्यवहार में उतारना आवश्यक है। सहायक संचालक कृषि गोविंद मीणा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पाठ्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी।

मानधन योजना के पंजीयन शिविर आयोजित

नर्मदापुरम/13,फरवरी,2026 / प्रधानमंत्री श्रमयोगी अंतर्गत माखननगर में श्रम निरीक्षक सरिता साहू की उपस्थिति में पंजीयन शिविर आयोजित किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखन नगर में आयोजित शिविर में आशा कार्यकर्ताओं का श्रम योगी पेंशन योजना में पंजीयन किया शिविर श्रम निरक्षक सरिता साहू स्वास्थ्य विभाग से बीसीएम सुनील परनामें वी एल ए राकेश कीर उपस्थित रहे. श्रम विभाग द्वारा बताया गया कि पंजीयन की सुविधा के लिए Narmadapuram स्थित सहायक श्रमायुक्त कार्यालय में श्री हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है।

समिति अभिषेक के लिए देगी नर्मदा जल

खिरकिया । शिवरात्रि महापर्व पर इस वर्ष भी गुप्तेश्वर बाबा के भक्त नर्मदा जल से अभिषेक करेंगे साथ भजनों का भी आनंद लेंगे।नर्मदा जल सेवा समिति छीपाबड़ के संयोजक शिक्षक महेश तिवारी ने बताया कि गत वर्षो के अनुसार इस वर्ष भी समिति द्वारा गुप्तेश्वर बाबा पर जल चढ़ाने के लिए मां नर्मदा का जल उपलब्ध कराया जाएगा जो प्रातः 3 बजे से मंदिर के प्रवेश द्वार से दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी।इस वर्ष नर्मदा जल समिति गुप्तेश्वर मंदिर समिति की सहमति और सहयोग से शिव भक्तों के आनंद और मंदिर परिसर को भक्तिमय बनाने को लेकर में प्रातः 7 बजे सायं 4 बजे तक भजन संगीत कराने का प्रयास कर रही है जिसमे सरस वन में भजन के सुप्रसिद्ध गायक राहुल यादव,संदीप राजपूत और दुर्गेश मालवीय प्रस्तुति देंगे। जिसको लेकर मंदिर समिति ने अपना उत्साह दिखाते हुए मंच व्यवस्था और साउंड व्यवस्था उपलब्ध कराने की सहमति दी एवम नर्मदा जल लाने और भजन संगीत कलाकारों की जिम्मेदारी नर्मदा जल सेवा समिति की रहेगी ।नर्मदा जल सेवा समिति ने इस वर्ष तय किया है कि इस वर्ष शिवरात्रि के एक दिन पूर्व सायं 5 बजे भारतीय बाबा मंदिर छिपाबड़ में नर्मदा आरती कर सायं 7 बजे गुप्तेश्वर मंदिर में आरती की जायेगी ।हमने शोभायात्रा के स्वरूप में परिवर्तन कर मंदिर में भजन संगीत कराने का निर्णय लिया है।तिवारी गुरुजी ने बताया कि इस वर्ष गुप्तेश्वर बाबा ने हमारी समिति को दर्शनार्थियों के लिए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की भी जिम्मेदारी दी है जिसको लेकर हम नर्मदा जल वितरण के साथ शीतल जल वितरण का प्रबंध भी करेंगे.

स्टेट हाईवे से 30 फीट दूर लगेंगी महाशिवरात्रि मेले में दुकानें

नवभारत न्यूज

सोहागपुर सोहागपुर-नर्मदापुरम् मार्ग स्थित शिव मंदिर परिसर में पांच दिवसीय महा शिवरात्रि मेला सजने वाला है। मेले में पर्याप्त जन सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश गत दिवस एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने निरीक्षण दौरान दिए हैं। सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोरकर तथा राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि इस वर्ष स्टेट हाईवे से 30 फीट की दूरी के बाद मेले में दुकान लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए नगर परिषद द्वारा बेरीकेटिंग की जा रही है। एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने उक्त निर्देश गुरुवार शाम दिए थे व शुक्रवार सुबह से बेरीकेटिंग का कार्य नगर परिषद द्वारा प्रारंभ किया गया है। इस दौरान दुकानों के लेआउट भी डाले गए हैं। वहीं झूले वालों को सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करने की हिदायत दी गई है। दुकानों की दरों का निर्धारण किया गया है।

अधिवक्ता का बैग अज्ञात व्यक्ति ने चुराया

पिपरिया मंगलवारा थाना अंतर्गत हथवांस के एक अधिवक्ता का बेग अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। मंगलवारा थाने में हथवांस निवासी अधिवक्ता मोहनसिंह रघुवंशी ने बताया कि कोर्ट से अपने घर हथवांस जा रहा था तभी घर का कुछ सामान लेने के लिये बुधवार शाम करीब 7 बजे मोटर साइकिल पर बेग रखकर सामान लेने चला गया। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति बेग चुराकर ले गया। बेग में लेपटाप, चेक, स्टाम, रजिस्ट्रीया संहित अन्य कीमती सामान रखा हुआ था।

शहीद पटेल कॉलोनी में सड़कों के निर्माण का भूमि पूजन हुआ

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 13 फरवरी सिवनी मालवा के वार्ड क्रमांक 9 और 10 में शहिद पटेल कॉलोनी की सहायक कच्ची सड़को का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन एवं भाजपा जिला अध्यक्ष वरिष्ठ पार्षद श्रीमती प्रीति शुक्ला नपा उपाध्यक्ष स्वाती गोर के कर कमलो से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पंडित द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चन कर भूमि पूजन कराया।नपा अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा कि शहर में विकास के कार्य में कोई कमी नहीं रहेगी जो शेष कार्य रहे हैं उन्हें भी जल्द से जल्द पूर्ण किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद सभापति ईश्वरदास जमींदार ने बताया कि शहीद पटेल कालोनी निर्माण होने से लेकर आज तक वर्षों से उसकी सहायक सड़के बंद पड़ी थी जिसे जनता के आशीर्वाद से पार्षद बनने के तुरंत बाद ही सबसे पहले उनका अर्थ वर्क कराकर उनको चलने लायक बनाया परन्तु उसके बाद भी उक्त सड़के पथरीली ओर कच्चा रास्ता होने से कीचड़ बना हुआ रहता था जिससे राहगीर परेशान थे वार्ड के परिवारजनों की मांग पर नपा द्वारा मुख्यमंत्री आधोसंरचना 4 फेज के अतर्गत सी.सी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया।

चिल्लर की बात को लेकर मारपीट

पिपरिया रेल्वे स्टेशन पर प्लेट फार्म 1 व 2 के बीच बनी केंटीन पर पानी की बाटल लेने पर चिल्लर की बात पर यात्री व बेंडर के बीच वाद विवाद हुआ। वेंडर व वेंडर के साथी ने यात्री के साथ मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जीआरपी प्रधान आरक्षक योगेश पचोरी ने बताया कि रेल्वे स्टेशन प्लेट फार्म नंबर 1 व 2 के बीच बनी केंटीन पर पानी की बाटल लेने यात्री दुर्गेश श्रीवास्तव पहुंचा जिससे चिल्लर की बात को लेकर वेंडर व उसके साथी द्वारा मारपीट की जिसकी जीआरपी में दुर्गेश श्रीवास्तव ने शिकायत की है। जीआरपी पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी शिवा तिवारी पिता राजेन्द्र तिवारी निवासी फतेहपुर को गिरफ्तार किया वही शिवा का साथी फरार है.

पचमढ़ी मेला | **चिकित्सा अधिकारी-कर्मचारी श्रद्धालुओं को दे रहे उपचार**

मेले में हर परिस्थिति के लिए आपदा प्रबंधन दल मुस्तैदी से तैनात

नवभारत न्यूज

पचमढी/13,फरवरी,2026/ ऊंचे पहाड़ दुर्गम रास्ते और रास्तों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतार। यह मनोरम दृश्य है मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी के प्रसिद्ध चौरागढ़ स्थल का जहां पर महाशिवरात्रि पर्व के लिए लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ अपने आराध्य भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने निरंतर आगे बढ़ रही है। कठिन चढ़ाई होने के बावजूद भक्त पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ दुर्गम मार्ग को पार कर मंदिर पहुंच रहे है। भक्तों के आवागमन का यह क्रम रात्रि में भी सतत रूप से चालू है। दुर्गम रास्तों पर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर उन्हें राहत प्रदान की जा रही है। जगह जगह पर स्वास्थ्य कैंप, खोया पाया केंद्र, कंट्रोल रूम, सहायता केंद्र स्थापित कर श्रद्धालुओं को मार्ग में आने वाली समस्याओं का समाधान करवाया जा रहा है। पचमढ़ी में 06 से 15 फरवरी 2025 तक महाशिवरात्रि मेला आयोजित किया गया है। इस दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए विभिन्न मेला स्थलों चौरागढ़, नांदिया जंक्शन, अंडरपास, बीड़, बड़ा महादेव, नांदिया ग्राम, जटाशंकर इत्यादि पर मेडिकल टीम तैनात की गई है। प्राप्?त जानकारी के अनुसार मेले में विभिन्न स्थलों पर डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर और जीवनरक्षक दवाइयों के साथ मेडिकल टीम तैनात है। श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

इसके अलावा मेले में एम्बुलेंसों भी तैनात की है, जो गंभीर मरीजों को अग्रिम उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचमढ़ी भेजती हैं। मेले के दौरान अधिकांश मरीज हाथ-पैर दर्द, बुखार, श्वांस लेने में तकलीफ, घबराहट और डिहाइड्रेशन के कारण उपचार के लिए आ रहे हैं।

न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी

इश्तहार /प्रेस विज्ञप्ति

रा0प्र0क्र0 0013 अ-6 वर्ष 2025-26

आम जनता को इस इश्तहार/प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदिका रजनी सोलंकी पत्नि स्व0 राकेश सिंह सोलंकी निवासी वार्ड नं0 32, सातवी लाईन इटारसी तहसील इटारसी ने इस आशय का आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110 म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 17 प्लाट नं0 66/1/1 में से रकबा 247.5 व0फु0 भूमि आवेदिका के पति राकेश सिंह सोलंकी आ0 जवाहर सिंह सोलंकी के नाम एवं नजूल शीट नं0 17 प्लाट नं0 66/2/1 रकबा 543 व0फु0 भूमि आवेदिका के पति राकेश सिंह सोलंकी आ0 जवाहर सिंह सोलंकी एवं अन्य सहखातेदार राजेन्द्र सिंह, मनोज सिंह के नाम पर नजूल अभिलेख में पटटेदार/मालिक स्वामी के रूप में दर्ज है। आवेदिका के पति राकेश सिंह आ0 जवाहर सिंह सोलंकी की मृत्यु दिनांक 12/08/2025 को हो गई है एवं आवेदिका ही उनकी एकमात्र विधिक उत्तराधिकारी /वारसान है। अन्य कोई उत्तराधिकारी पुत्र/पुत्री नहीं है। आवेदिका उक्त वर्णित संपत्ति पर भूमि स्वामी/पटटेदार राकेश सिंह की मृत्यु पश्चात उत्तराधिकारी क्रम में अपना नाम दर्ज कराना चाहती है। अतः आवेदिका द्वारा उक्त वर्णित संपति पर नजूल अभिलेख में फौती आधार फौती आधार पर नाम दर्ज किये जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 18/02/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोट :- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

नजूल अधिकारी, इटारसी

फॉर्म नं. URC-2

अधिनियम के अध्याय XXI के भाग-I के अंतर्गत पंजीकरण हेतु सूचना का विज्ञापन

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ब) तथा कंपनी (पंजीकरण हेतु अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में)

1.यह सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उपधारा (2) के अनुसरण में, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से पंद्रह दिन पश्चात किन्तु तीस दिन की अवधि पूर्ण होने से पूर्व, रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा), पिन कोड 122050 के समक्ष यह आवेदन प्रस्तावित है कि मेसर्स मंगलम फूड प्रोडक्ट्स, एक पंजीकृत साझेदारी फर्म, को कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय XXI के भाग- I के अंतर्गत शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जाए।

2. प्रस्तावित कंपनी के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं सभी प्रकार की दालें, अनाज, तिलहन, तेल, शक्कर, गत्री बैग आदि का निर्माण एवं व्यापार करना तथा फूड प्रोसेसिंग यूनिट/यूनिट्स का संचालन करना, जिसमें दाल मिल, राइस मिल, फ्लोर मिल तथा कमीशन एजेंट (आढ़त आदि) का कार्य सम्मिलित है।

3.प्रस्तावित कंपनी के मसौदा ज्ञापन एवं उपविधियों (MOA एवं AOA) की प्रति कार्यालय पते D47, फूड पार्क, कल्लुखापा, पचमढ़ी रोड, पिपरिया, जिला नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश - 461775 पर निरीक्षण हेतु उपलब्ध है।

4.यह भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनो के भीतर लिखित रूप में अपनी आपत्ति रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट नं. 6,7,8, सेक्टर-5, आईएमटी मानेसर, जिला गुरुग्राम (हरियाणा), पिन कोड 122050 को भेज सकता/सकतीहै, तथा उसकी प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय पर भी प्रेषित कर सकता/सकती है।

दिनांक 14-02-2026

स्थान - पिपरिया

मंगलम फूड प्रोडक्ट्स के लिए

हस्ताक्षर/- रोहित अग्रवाल, साझेदार

हस्ताक्षर/- राहुल अग्रवाल, साझेदार

हस्ताक्षर/- प्रियंका अग्रवाल, साझेदार

हस्ताक्षर /- प्रियंका अग्रवाल, साझेदार